भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1254**

**30 जुलाई, 2024 को उत्तरार्थ**

**विषयः कृषि भूमि का विस्तार**

1254. **श्री रविंद्र दत्ताराम वाइकरः**

क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या हाल के वर्षों के दौरान देश में कृषि भूमि कम होती जा रही है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) बढ़ती जनसंख्या की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कृषि भूमि के विस्तार और कृषि संबंधी कार्यकलापों के लिए सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं; और

(घ) सरकार द्वारा इस संबंध में अब तक राज्य-वार विशेषकर महाराष्ट्र राज्य में किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) और (ख): नवीनतम प्रकाशित 'भू-उपयोग सांख्यिकी-एक झलक 2012-13 से 2021-22' के अनुसार, देश में कृषि भूमि का क्षेत्रफल 2018-19 में 180.62 मिलियन हेक्टेयर से बहुत कम गिरावट के साथ 2021-22 में 180.11 मिलियन हेक्टेयर हो गया है। तथापि, भारत के संविधान की सांतवी अनुसूची के अनुसार, भूमि राज्य सरकार के क्षेत्राधिकार में आती है अत: राज्य सरकारों को कृषि योग्य भूमि को गैर-कृषि उपयोग हेतु परिवर्तन को रोकने के लिए उचित उपाय करने होते हैं। तथापि, भारत सरकार उचित नीतिगत उपायों तथा बजटीय प्रावधान से राज्यों के प्रयासों में सहायता करती है। राष्ट्रीय किसान नीति- 2007 (एनपीएफ-2007) के अंतर्गत राज्य सरकारों को सलाह दी गई है कि वे औद्योगिक एवं निर्माण गतिविधियों सहित गैर-कृषि विकासपरक गतिविधियों के लिए कम जैविक क्षमता वाली भूमि जैसे अकृष्य भूमि, क्षारियता, अम्लीयता इत्यादि से प्रभावित भूमियों को चिन्हित करे। राष्ट्रीय पुनर्वास और पुनर्स्थापन नीति-2007 (एनआरआरपी-2007) में भी सिफारिश की गई है कि जहां तक संभव हो परियोजनाओं की स्थापना बंजर भूमि, अवनत भूमि अथवा असिंचित भूमि पर की जाए। गैर कृषि उपयोग हेतु सिंचित, बहु-फसलीय कृषि भूमि का कम से कम अधिग्रहण हो या जहां तक संभव हो अधिग्रहण न किया जाए।

(ग) और (घ): सरकार ने महाराष्ट्र राज्य सहित देश में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कृषि और किसानों के विकास के लिए कई नीतियों, सुधारों, विकासपरक कार्यक्रमों और योजनाओं को अपनाया और

कार्यान्वित किया है। सरकार के निम्नलिखित प्रयासों में सहायता हेतु बजट में अभूतपूर्व वृद्धि के प्रावधान किए गए है:

1. पीएम किसान के माध्यम से किसानों को आय सहायता
2. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई)
3. कृषि क्षेत्र के लिए संस्थागत ऋण
4. न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को उत्पादन लागत के डेढ़ गुना के स्तर पर निर्धारित करना
5. देश में जैविक कृषि को बढ़ावा देना
6. पर ड्रॉप मोर क्रॉप
7. सूक्ष्म सिंचाई निधि
8. किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को बढ़ावा देना
9. राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन (एनबीएचएम)
10. कृषि मशीनीकरण
11. किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध करना
12. राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-एनएएम) विस्तार मंच की स्थापना
13. खाद्य तेलों के लिए राष्ट्रीय मिशन - ऑयल पाम का शुभारंभ
14. कृषि अवसंरचना निधि (एआईएफ)
15. कृषि उपज लॉजिस्टिक्स में सुधार, किसान रेल का शुभारंभ।
16. एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) - क्लस्टर विकास कार्यक्रम
17. कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र में स्टार्ट-अप इको सिस्टम का निर्माण
18. कृषि एवं कृषि संबद्ध जिंसों के निर्यात में उपलब्धि
19. केंद्रीय क्षेत्र की योजना नमो ड्रोन दीदी

सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों के तहत किए गए प्रयासों के परिणामस्वरूप, महाराष्ट्र राज्य सहित देश में कुल फसलीकृत क्षेत्र इसी अवधि में 201.18 मिलियन हेक्टेयर से बढ़कर 219.16 मिलियन हेक्टेयर हो गया है। इसी प्रकार, वर्ष 2023-24 के तीसरे अग्रिम अनुमानों के अनुसार, देश में खाद्यान्न उत्पादन भी वर्ष 2018-19 के दौरान 2,852.09 लाख टन से बढ़कर 2023-24 में 3,288.52 लाख टन हो गया है। कृषि भूमि, फसलीकृत क्षेत्र और खाद्यान्न उत्पादन का राज्य-वार विवरण अनुबंध I और II में दिया गया है।

**अनुबंध-I**

कृषि भूमि के विस्तार के संबंध में दिनांक 30/07/2024 को उत्तर के लिए देय लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1254 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर के संबंध में उल्लिखित अनुबंध-I

राज्य-वार एवं वर्ष-वार कृषि भूमि एवं फसलीकृत क्षेत्र (000 हेक्टेयर में)

| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **कृषि भूमि/कृषि योग्य भूमि/कृषि योग्य भूमि/खेती योग्य भूमि** | | | | **कुल फसलीकृत क्षेत्र** | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 |
| आंध्र प्रदेश | 8997 | 8828 | 8817 | 8987 | 7297 | 7287 | 7407 | 7328 |
| अरुणाचल प्रदेश | 424 | 424 | 431 | 431 | 320 | 320 | 328 | 338 |
| असम | 3305 | 3296 | 3295 | 3321 | 4004 | 3975 | 3888 | 3872 |
| बिहार | 6573 | 6557 | 6541 | 6542 | 7406 | 7297 | 7265 | 7329 |
| छत्तीसगढ़ | 5570 | 5551 | 5542 | 5552 | 5614 | 5735 | 5712 | 5704 |
| गोवा | 197 | 141 | 141 | 141 | 150 | 147 | 147 | 144 |
| गुजरात | 12397 | 12388 | 12462 | 12428 | 12233 | 13816 | 14722 | 14759 |
| हरियाणा | 3817 | 3794 | 3847 | 3847 | 6605 | 6617 | 6566 | 6566 |
| हिमाचल प्रदेश | 816 | 821 | 821 | 831 | 914 | 892 | 899 | 890 |
| झारखंड | 4319 | 4280 | 4319 | 4324 | 1824 | 1760 | 1803 | 1845 |
| कर्नाटक | 12830 | 12843 | 12846 | 12836 | 13551 | 13831 | 14910 | 14748 |
| केरल | 2235 | 2232 | 2229 | 2223 | 2571 | 2586 | 2569 | 2523 |
| मध्य प्रदेश | 17121 | 17183 | 17449 | 17432 | 26115 | 28277 | 29903 | 30049 |
| महाराष्ट्र | 20719 | 20589 | 20509 | 20466 | 22194 | 23856 | 24917 | 25730 |
| मणिपुर | 448 | 338 | 417 | 399 | 441 | 331 | 410 | 393 |
| मेघालय | 1011 | 1010 | 1010 | 1015 | 312 | 313 | 309 | 325 |
| मिजोरम | 367 | 367 | 367 | 367 | 187 | 195 | 206 | 206 |
| नागालैंड | 678 | 676 | 674 | 672 | 529 | 530 | 532 | 319 |
| ओडिशा | 6675 | 6699 | 6654 | 6782 | 4527 | 4670 | 4819 | 4997 |
| पंजाब | 4233 | 4238 | 4237 | 4225 | 7851 | 7838 | 7835 | 7916 |
| राजस्थान | 25484 | 25475 | 25473 | 25463 | 25313 | 27515 | 26100 | 27442 |
| सिक्किम | 97 | 97 | 97 | 97 | 162 | 162 | 140 | 140 |
| तमिलनाडु | 8109 | 8108 | 8106 | 8105 | 5672 | 5942 | 6156 | 6348 |
| तेलंगाना | 6767 | 6785 | 6717 | 6715 | 5774 | 7479 | 8479 | 8026 |
| त्रिपुरा | 270 | 270 | 270 | 270 | 487 | 487 | 487 | 487 |
| उत्तराखंड | 1548 | 1545 | 1544 | 1541 | 1029 | 1024 | 997 | 969 |
| उत्तर प्रदेश | 18775 | 18614 | 18614 | 18264 | 26859 | 27109 | 27109 | 28200 |
| पश्चिम बंगाल | 5615 | 5608 | 5602 | 5595 | 9960 | 10100 | 10207 | 10259 |
| अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 28 | 28 | 28 | 28 | 41 | 46 | 40 | 39 |
| चंडीगढ़ | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 3 | 2 | 2 |
| दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव | | 23 | 23 | 23 | | 23 | 23 | 23 |
| दादरा एवं नगर हवेली | 20 | | | | 20 | | | |
| दमन और दीव | 3 | | | | 3 | | | |
| दिल्ली | 53 | 53 | 53 | 53 | 59 | 58 | 58 | 58 |
| जम्मू एवं कश्मीर | 1091 | 1071 | 1074 | 1075 | 1124 | 1090 | 1112 | 1134 |
| लद्दाख | | 28 | 28 | 28 | | 22 | 22 | 22 |
| लक्षद्वीप | 3 | 2 | 2 | 2 | 3 | 2 | 2 | 2 |
| पुदुचेरी | 28 | 28 | 28 | 28 | 27 | 27 | 27 | 28 |
| **अखिल भारत** | **180624** | **179992** | **180266** | **180112** | **201179** | **211359** | **216107** | **219158** |

स्रोतः कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

**अनुबंध-II**

कृषि भूमि के विस्तार के संबंध में दिनांक 30/07/2024 को उत्तर के लिए देय लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1254 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर के संबंध में उल्लिखित अनुबंध-II

वर्ष 2018-19 से 2023-24 तक खाद्यान्नों का राज्य-वार उत्पादन

(लाख टन में)

| क्र.सं. | राज्य | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 0.12 | 0.18 | 0.14 | 0.14 | 0.11 | एनए |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 108.39 | 123.57 | 112.99 | 110.77 | 121.49 | 104.34 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 3.65 | 3.73 | 3.77 | 3.88 | 3.93 | एनए |
| 4 | असम | 54.66 | 52.36 | | 46.78 | 59.45 | 54.61 |
| 5 | बिहार | 156.00 | 142.33 | 153.83 | 170.18 | 183.43 | 200.43 |
| 6 | चंडीगढ़ | 0.00 | 0.07 | 0.03 | 0.03 | 0.03 | एनए |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 75.59 | 75.02 | 82.26 | 90.24 | 108.93 | 107.02 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 0.36 | 0.40 | 0.34 | 0.34 | 0.38 | एनए |
| 9 | दमन और दीव | 0.02 | 0.03 | 0.04 | 0.04 | 0.00 | एनए |
| 10 | दिल्ली | 1.06 | 1.06 | 1.12 | 1.07 | 1.06 | एनए |
| 11 | गोवा | 1.05 | 0.94 | 0.91 | 0.93 | 0.92 | एनए |
| 12 | गुजरात | 68.04 | 81.53 | 89.74 | 101.31 | 98.75 | 100.79 |
| 13 | हरियाणा | 181.45 | 178.63 | 183.09 | 163.30 | 173.93 | 184.51 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 15.01 | 15.30 | 15.36 | 16.07 | 14.79 | 15.54 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 18.93 | 16.71 | 15.95 | 16.78 | 17.63 | एनए |
| 16 | झारखंड | 44.00 | 47.92 | 48.72 | 50.01 | 31.66 | 35.62 |
| 17 | कर्नाटक | 108.88 | 127.84 | 145.50 | 137.77 | 141.81 | 127.31 |
| 18 | केरल | 5.81 | 6.08 | 6.36 | 4.89 | 5.98 | 7.01 |
| 19 | लद्दाख | 0.00 | 0.00 | 0.12 | 0.30 | 0.25 | एनए |
| 20 | मध्य प्रदेश | 322.09 | 335.23 | 328.44 | 393.08 | 419.32 | 398.43 |
| 21 | महाराष्ट्र | 103.04 | 128.20 | 157.66 | 166.56 | 167.26 | 145.26 |
| 22 | मणिपुर | 4.95 | 4.21 | 6.97 | 6.55 | 4.43 | एनए |
| 23 | मेघालय | 2.61 | 3.61 | 3.53 | 3.55 | 3.39 | एनए |
| 24 | मिजोरम | 0.77 | 0.76 | 0.81 | 0.78 | 0.63 | एनए |
| 25 | नागालैंड | 5.58 | 5.65 | 5.70 | 2.53 | 5.14 | एनए |
| 26 | ओडिशा | 83.15 | 90.30 | 95.24 | 101.25 | 90.73 | 110.00 |
| 27 | पुदुचेरी | 0.64 | 0.60 | 0.51 | 0.58 | 0.66 | एनए |
| 28 | पंजाब | 315.32 | 298.57 | 304.18 | 282.52 | 302.36 | 325.86 |
| 29 | राजस्थान | 212.89 | 232.27 | 242.82 | 216.63 | 238.09 | 231.95 |
| 30 | सिक्किम | 0.92 | 0.92 | 0.92 | 0.91 | 0.83 | एनए |
| 31 | तमिलनाडु | 103.90 | 112.70 | 108.24 | 119.98 | 116.80 | 92.67 |
| 32 | तेलंगाना | 92.75 | 111.25 | 127.46 | 153.49 | 193.75 | 198.37 |
| 33 | त्रिपुरा | 8.36 | 8.53 | 8.68 | 8.71 | 8.42 | एनए |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 546.43 | 561.69 | 581.07 | 561.88 | 575.09 | 592.91 |
| 35 | उत्तराखंड | 18.76 | 18.86 | 20.02 | 19.24 | 17.71 | 17.34 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 186.90 | 187.94 | 200.05 | 203.08 | 187.74 | 188.18 |
| | अन्य | | | | | | 50.39 |
| | **अखिल भारत** | **2852.09** | **2975.04** | **3107.42** | **3156.16** | **3296.87** | **3288.52** |

वर्ष 2023-24 के तीसरे अग्रिम अनुमानों हेतु आंकड़ा।

एनए: उपलब्ध नहीं। अन्य में लघु राज्य/संघ राज्य क्षेत्र शामिल है।

*****